**सार-समाचार**

## बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। एलबीएस के प्रांगण में बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एलबीएस शिक्षण संस्थान की निदेशक डॉ. शिल्पा माथुर जी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज प्रशिक्षणार्थियों ने सरस्वती वंदना का मधुर गायन कर संपूर्ण वातावरण को पावन व भक्तिमय कर दिया। तत्पश्चात् क्रमशः सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बसंत पंचमी को मनाये जाने का कारण, इसका महत्त्व तथा इस पर्व से जुड़े अन्य प्रसंगों को भी सांझा किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय में आयोजित हो रहे दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर के संयोजक दिनेश शास्त्री ने भी बसंत पंचमी उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी पर्व अध्ययन प्रारंभ करने का सर्वश्रेष्ठ दिन है। इसी कड़ी में आगे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने हमारे पर्वों का संस्कारों तथा संस्कृति से संबंध स्थापित करते हुए इसके महत्व को बताया। कार्यक्रम के समापन पर संस्था प्राचार्य डॉ.दीपशिखा नामदेव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में नीलू शर्मा, दीपक राठौड़, दुष्यंत सिंह, मोनिका, कृष्णा, सतेन्द्र सर सहित समस्त स्टॉफगण उपस्थित रहा।

## अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा के आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने बताया कि नगर निगम कोटा द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ लगातार की जा रही कार्यवाही के क्रम में जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण हेतु शुक्रवार को नगर निगम कोटा द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। जिसके अन्तर्गत तोसिफ खान अतिक्रमण प्रभारी व सहप्रभारी हनुमान राम एवं नगर निगम कोटा अतिक्रमण जाप्ता प्रभारी संजीव कुमार, दस्ता प्रभारी नरेन्द्र शाक्यवाल एवं मुकेश तवर मय अतिक्रमण जाप्ता सहित घोड़े वाले बाबा चौराहा के पास लगे ठेले व थडियों को हटवाया गया एवं दुबारा न लगाने की सख्त हिदायत दी गई। एवं देश की धरती चौराहा व किताब वाला चौराहा के आस-पास लगी अस्थाई दुकानों की मुनादी करते हुए अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया। साथ ही एरोड्राम सर्किल से सर्किट हाउस तक मार्ग में मुनादी करते हुए ठेले व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों को हटवाया गया एवं स्टेषन क्षेत्र में बजरिया रोड से श्रीराम मंदिर के आस-पास के क्षेत्र से अस्थाई अतिक्रमण को हटाते हुए दुबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत भी गई दुबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## रामगंजमंडी में श्रीराम कथा का शुभारंभ, श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा

**रामगंजमंडी,** (निसं)। रीको औद्योगिक क्षेत्र में बाबा बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा आयोजित श्रीराम कथा का 23 जनवरी शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। जिसमें राज्यपाल हरिभाव किशनराव किशनराव बागडे,ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर व विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भी शिरकत की। कथा के पहले ही दिन श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि विशाल पंडाल भी छोटा पड़ गया। दूर-दराज से आए भक्तों ने कथा स्थल पर पहुंचकर धर्ममय वातावरण में श्रीराम कथा का श्रवण किया। कथा के दौरान पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण कथा से पूरा पंडाल ''जय श्रीराम'' के उद्घोष से गूंज उठा। आयोजन स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन व आयोजन समिति की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे। आयोजकों के अनुसार पंडित धीरेन्द्र शास्त्री 25 जनवरी रविवार तक प्रतिदिन श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## बसंत पंचमी एवं सुभाषचंद्र बोस जयंती का आयोजन

**रामगंजमंडी,** (निसं)। राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय रामगंजमंडी में 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी उत्सव पर मां सरस्वती एवं सुभाषचंद्र बोस जयंती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुस्तकालय के पाठक कन्हैयालाल द्वारा की गई तथा पुस्तकालय के कनिष्ठ सहायक लखविंदर सिंह, पुस्तकालय के पाठक बलराम गुर्जर व पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाशचंद्र राव सहित आदि मंचासीन रहे। किरण वैष्णव व हर्षिता धाकड़ ने मां सरस्वती की वंदना की। पाठक बलराम गुर्जर ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रकाश डालते हुए उनका नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा लगाया। कैलाश चंद्र राव पुस्तकालय अध्यक्ष द्वारा उपस्थित पाठको का बसंती रंग से तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन कैलाश चंद्र राव पुस्तकालय अध्यक्ष द्वारा किया गया। अंत में लखविंदर सिंह द्वारा पाठको का आभार व्यक्त किया गया।

## शिक्षा मंत्री के दावों की मंडी समिति में पोल खुली

**रामगंजमंडी,** (निसं)। डिस्पोजल का उपयोग न करें, इसे गौमाता खा लेती है, बीमार हो जाती है और मर भी जाती है। यह उपदेश मंचों से बार-बार देने वाले शिक्षा मंत्री के दावे गुरुवार को धरातल पर खोखले साबित होते नजर आए। कृषि उपज मंडी समिति परिसर में पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की रामकथा से एक दिन पूर्व निकाली गई कलश यात्रा के दौरान आयोजकों द्वारा खुलेआम डिस्पोजल और प्लास्टिक थैलियों का जमकर इस्तेमाल किया गया। हालत यह रही कि कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मंडी समिति परिसर में डिस्पोजल गिलासों, प्लेटों और प्लास्टिक थैलियों के ढेर लगे नजर आए। विडंबना यह है कि जिस मंत्री के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में यह सब हुआ, वही मंत्री सार्वजनिक मंचों से लगातार डिस्पोजल के खिलाफ बयान देते रहे हैं और इसे गौमाता के लिए घातक बताते रहे हैं। रात्रि के समय ली गई तस्वीरें इस दोहरे चरित्र की प्रत्यक्ष गवाही दे रही हैं।

## ग्राम-2026 शिविर का आयोजन

**छबड़ा** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार गिरदावर सर्किल ग्राम पंचायत मुण्डला मे शामिल ग्राम पंचायत खोपर, दिलोद, कडैयावन मे ग्राम-2026 शिविर का आयोजन किया गया। जिसका प्रधान हरिओम नागर द्वारा शुभारंभ किया गया। यहां एसडीएम रामसिंह गुर्जर एवं विकास अधिकारी अभिषेक मीणा सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारियो ने ग्रामीणों को लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की एवं पात्र लाभार्थियो को लाभान्वित भी किया। मौके पर सांगोडा निवासी कृषक श्रीलाल नागर के खेत की मिट्टी की कृषि विभाग द्वारा जांच कर रिपोर्ट किसान को दी और बताया गया की कौनसा पोषक तत्व किस मात्रा मे डालना है।

## वरिष्ठ जन कल्याण समिति ने आई कैंप लगाया

**कोटा,** (निसं)। वरिष्ठजन कल्याण समिति के तत्वाधान में श्री कौशिक गायत्री आश्रम में कंप्यूटर मशीन द्वारा आंखों की जांच के लिए कैंप लगाया गया जिसमें लगभग 120 बुजुर्ग एवं गरीब लोगों की आंखों की जांच ऑप्टिशियन ललित मिश्रा द्वारा की गई व उनको चश्मा बनाने की सलाह व नंबर दिए गए। यह जानकारी समिति के महासचिव यज्ञदत्त हाड़ा, प्रचार प्रसार सचिव एस के अग्रवाल ने दी। श्री कौशिक गायत्री आश्रम में 23 जनवरी से 25 जनवरी तक कौशिक महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर 109 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है इसी उपलक्ष्य में सामाजिक कार्यों की श्रृंखला में आंखों की जांच का कार्यक्रम रखा गया।

## राजकीय विद्यालय में सेवा कार्य

**कोटा,** (निसं)। पोरवाल युवक संघ कोटा द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की कड़ी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वसंत विहार, कोटा में टॉयलेट्स के नवीनीकरण का सराहनीय सेवा कार्य किया गया। इस कार्य हेतु संघ द्वारा 31,000 रूपये की राशि व्यय की गई। यह पुण्य कार्य पोरवाल समाज के भामाशाह दया शंकर गुप्ता एवं संतोष गुप्ता द्वारा अपने बच्चे के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सम्पन्न कराया गया। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नवनिर्मित एवं नवीनीकृत टॉयलेट्स का उद्घाटन पोरवाल युवक संघ के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता द्वारा किया गया।

## सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई

**छबड़ा** (निसं)। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की उपलक्ष्य में पालिका के सभागार में अधिशाषी अधिकारी संदीप कुमार गहलोत द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गायन कर जयंती मनाई और यहां श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलाल समाज साहसी, आध्यात्मिक और नैतिक जीवन जीने वाला समाज : ओम बिरला




कोटा में कलाल समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए।

- विकसित भारत तब बनेगा, जब समाज के हर व्यक्ति का सामाजिक आर्थिक बदलाव होगा
- हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान की ओर से विशाल निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन उत्साह के साथ सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान (सभा) कोटा की ओर से विशाल निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन उत्साह, उमंग और वैभवता के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें 51 जोड़े'' हमसफर बने और नए जीवन की शुरुआत की।

दशहरा मैदान में बसंत पंचमी पर आयोजित इस कार्यक्रम में विधि-विधान से विवाह सम्पन्न कराए गए। संस्थान के अध्यक्ष विकास मेवाड़ा ने बताया कि इस सम्मेलन में जो राजस्थान की बेटी है उसके खाते में राज्य सरकार द्वारा 21 हजार की राशि दी गई है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में दूल्हा-दुल्हन को सात वचन के साथ एक आठवां वचन भी दिलाया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया और एक-एक पौधा लगाए जाने और उसकी देखरेख का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा बूंदी सांसद व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला थे। बिरला ने कलाल समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में नव दंपतियों को नवजीवन शुरुआत की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि नव दंपति का नया जीवन उमंग उल्लास का नवजीवन उत्सव है और बसंत पंचमी जो उत्साह उल्लास का पर्व है उस दिन विवाह होना बेहद सुखद है। उन्होंने कहा कि कलाल समाज साहसी, आध्यात्मिक और नैतिक जीवन जीने वाला समाज है, उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम समाज को जोड़ने का काम करते हैं, परिवार को जोड़ने का काम करते हैं, सामाजिक बंधन विश्वास का रिश्ता होता है।

उन्होंने कहा कि कलाल समाज मूल्यों पर आधारित समाज है, कुरीतियों को समाप्त करने वाला समाज है और शिक्षा के साथ अब सामाजिक परिवर्तन भी समाज में हो रहे हैं। बिरला ने कहा कि वंचित को मुख्य धारा में लाने वाला समाज कलाल समाज है, जो नियमित रुप से पेंशन दे रहा है, बच्चों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ा रहे हैं और समाज में परिवर्तन कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि सामूहिक सहयोग से ही समाज को आगे बढ़ने का काम होता है, समाज आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा, सामाजिक आर्थिक बदलाव आए, उच्च शिक्षा मिले ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए। समाज का हर व्यक्ति सामाजिक आर्थिक विकसित हो ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए। विकसित भारत तब बनेगा जब समाज के हर व्यक्ति का सामाजिक आर्थिक बदलाव होगा। संरक्षक प्रकाश जायसवाल ने बताया कि विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन में पूरी टीम का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**कोटा,** (निसं)। जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, लखावा, कोटा में विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना का पर्व बसंत पंचमी अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ बनाया गया।

इस अवसर पर सहायक आचार्य संगीता कुमारी, डॉ.रंजीता सिंह एवं डॉ.दीपिका जोशी के निर्देशन में प्रथम दिवस में बी.एड. प्रशिक्षणथियों द्वारा सरस्वती की उत्पत्ति का नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें बसंत ऋतु तथा संसार में स्वर व प्रकृति की सुंदरता का वर्णन किया गया। प्राचार्य एवं डीन, कोटा विश्वविद्यालय कोटा प्रो. सुषमा सिंह ने सभी प्रशिक्षणथियों को संबोधित बसंत पंचमी केवल एक त्यौहार नहीं बल्कि ज्ञान और नई ऊर्जा के संचार का प्रतीक है द्वितीय दिवस पर शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें रंगोली के माध्यम से महाविद्यालय के प्रांगण को फूलों और रंगों से सजाया गया जिससे संपूर्ण वातावरण भक्ति व बसंती हो गया तत्पश्यात प्रो.सपना जोशी ने प्रशिक्षणथियों को माँ सरस्वती से समृद्धि और निरंतर सीखने की प्रेरणा के लिए प्रेरित किया।

# डीसीएम श्रीराम लिमिटेड में 59वीं अन्तरविभागीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न



डी.सी.एम. श्रीराम लिमिटेड में 59वीं अन्तरविभागीय खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुई।

**कोटा,** (निसं)। डी सी एम श्रीराम लिमिटेड के श्रीराम कला मंदिर प्रांगण में गत 20 से 23 जनवरी तक चार दिवसीय 59वीं अन्तरविभागीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डी सी एम श्रीराम लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एण्ड रेजीडेन्ट हैड-कोटा, वीनू मेहता थे। इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वीनू मेहता ने कहा कि इसी प्रकार आप अपने जीवन में अनुशासन, सहयोग एवं भ्रातृत्व की भावना के साथ लक्ष्य को प्राप्त करते रहें तथा इसी टीम भावना से अग्रसर रहें, यही मेरी शुभकामना है। समारोह में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं बडी तादाद में कर्मचारीगण एवं खिलाडी उपस्थित थे। 59वीं खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर वीनू मेहता ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम को सुचारु रुप से संपन्न करवाने एवं सभी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कारखाने में 7 टीमों का गठन किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजावरोहण के बाद सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कार्तिक सेन ने ध्वज वीनू मेहता को भेंट किया, जिसे उन्होंने एच.आर.डी. के सीनियर वाइस प्रेसीडेन्ट, निगम प्रकाश को अगले वर्ष इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए सौंपा।

**सार-समाचार**

## बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। प्रगति टी.टी. कॉलेज, कोटा में शुक्रवार को बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, विचारों एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत व्यक्तित्व पर अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए गए। छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सभी को राष्ट्रप्रेम, त्याग एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा समीक्षा वैष्णव द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहायक प्राचार्य डॉ. सविता चौधरी एवं व्याख्याता चन्द्रप्रकाश शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी के सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्राओं को ज्ञान, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन बसंत उत्सव एवं के वातावरण में हुआ। समस्त महाविद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## भजन संध्या में उमड़े भक्त

**छबड़ा** (निसं)। नगर के गुगोर रोड़ स्थित बांकेबिहारी मंदिर परिसर मे आयोजित 'एक शाम सांवरिया सेठ व खाटूश्याम के नाम' भजन संध्या में भक्ति-संगीत की सुरीली धारा बही। यहां प्रसिद्ध भजन गायक प्रेमशंकर जाट द्वारा प्रस्तुत किए भजनों की लय पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। अनुपम श्रृंगार से सुजज्जित बाबा श्याम व सांवरिया सेठ भक्तो को दर्शन दे रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर जैसे ही प्रेमशंकर जाट पहुंचे जो स्थल सांवरिया सेठ व बाबा श्याम से जयघोष से गूंज उठा।

## नृत्य की लय पर सजी सांस्कृतिक प्रतिभा

**कोटा,** (निसं)। पुलिस लाईन स्थित प्रगति इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं का मनमोहक प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में गोवा, गुजरात, पंजाब, कश्मीर, बंगाल, महाराष्ट्र, सिक्किम और राजस्थान जैसे विभिन्न राज्यों के लोक एवं शास्त्रीय नृत्यों पर आधारित प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गई।

प्रतियोगिता के दौरान 'अपरी कोणाची', 'रणछोड़ रंगीला', 'लुक छुप जाना', 'जी लहना ले जूरायो', 'महिषासुर मर्दिनी', 'लावणी नृत्य' तथा 'भूमरो भूमरो' जैसे प्रसिद्ध गीतों पर विद्यार्थियों ने सजीव और भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थी दर्शकों की भरपूर प्रशंसा और तालियाँ बटौरी। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ.जफर ने बच्चों का मनोबल बढाया तथा उनकी प्रतिभा की बढ़-चढ़कर सराहना की। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.फेमिना ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें निरंतर आगे बढ़ते रहने के साथ अपनी परम्पराओं से सिखने के लिए प्रेरित किया।

## मंदिर से एसी के कॉपर वायर चोरी

**बूंदी** (निसं)। शहर के चौगान जैन मंदिर हॉल में लगे एसी के कॉपर वायर अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। मंदिर में रह रहे व्यवस्थापक ने समाज के पदाधिकारियों को सुबह चोरी की सूचना दी। पुलिस के अनुसार चोर छत के रास्ते आये। खिड़की का जंगला तोड़ा ओर हाल में लगे एसी का कॉपर वायर चोरी कर ले गए।

# आस्था के नाम पर अव्यवस्था, मासूम बच्चों को बनाया गया इंतजार का शिकार, मिली निराशा

**रामगंजमंडी,** (निसं)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के रामगंजमंडी आगमन को लेकर आयोजकों द्वारा 23 जनवरी को सुबह 11 बजे नगर में आने की घोषणा की गई थी। कहा गया था कि वे साबू क्रीडांगन मैदान में राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मेगा पेरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) में बच्चों व अभिभावकों को आशीर्वचन देंगे।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री की उपस्थिति भी बताई गई थी। हकीकत यह है कि राज्य सरकार की मेगा पीटीएम का राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी जयपुर में लाईव आयोजित होना था। इसके बावजूद रामगंजमंडी में स्थानीय स्तर पर ऐसा भ्रम फैलाया गया कि आचार्य धीरेंद्र शास्त्री स्वयं पधारने वाले हैं। सुबह 8 बजे स्कूली बच्चों को बुला लिया गया, एक भी बच्चा टिफिन लेकर नहीं आया। मासूम बच्चे सुबह 9 बजे से ही खड़े रहे। स्काउट के नन्हे बच्चे बैंड लिए इंतज़ार करते रहे, छोटी बालिकाएं थाल और फूल लेकर घंटों खड़ी रहीं। दूर-दराज़ से आए श्रद्धालु केवल एक झलक की आस में बैठे रहे। कार्यक्रम का स्थान पहले साबू क्रीड़ांगन उच्च माध्यमिक विद्यालय फिर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बदला गया। स्थान बदलने के साथ व्यवस्थाएं भी पूरी तरह चरमरा गई। अंततः जब यह स्पष्ट हुआ कि आचार्य धीरेंद्र शास्त्री रामगंजमंडी नहीं आ रहे हैं, तब लोगों से अधिक आयोजकों की गैर-जिम्मेदारी उजागर हो गई।

यही नहीं पंचमुखी हनुमानजी मंदिर के पास बनाये गए गौमाता चौराहे का शुभारम्भ भी आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री करने वाले है हजारों लोग वहाँ आचार्य की झलक पाने के लिए सुबह से ही खडे थे। किन्तु बाद में उन्हें भी निराशा ही हुई और आयोजक कहते रहे कि महाराज आ रहे है। अंत मे घोषणा करनी पड़ी कि कार्यक्रम स्थगित हो गया, लोग निराश होकर लौट गए।

# राजेश बिरला ने पुस्तक हाड़ौती गौरव सम्मान-2026 का विमोचन किया



कोटा में हाड़ौती गौरव सम्मान पुस्तक का विमोचन किया गया।

- 'पुस्तक से छुपी हुई प्रतिभाओं को मिलेगी उड़ान, नई प्रतिभाओं की होगी पहचान'

**कोटा,** (निसं)। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'हाड़ौती गौरव सम्मान-2026' समारोह की स्मृतियों और सम्मानित प्रतिभाओं के योगदान को सहेजने के साथ-साथ नई प्रतिभाएं उभर कर सामने आए इस उद्देश्य से परमानन्द गोयल द्वारा लिखित एवं सम्पादित विशेष पुस्तक का आज विमोचन किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेशाध्यक्ष एवं नागरिक सहकारी बैंक कोटा के अध्यक्ष राजेश बिरला ने इस पुस्तक का विमोचन किया। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन राजा राममोहन राय राष्ट्रीय एजेंसी से आइएसबीएन क्रमांक भी प्राप्त हो चुका है।

पुस्तक के लेखक एवं संपादक परमानन्द गोयल को बधाई देते हुए बिरला ने कहा 'यह स्मारिका हाड़ौती अंचल की उन प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगी जो अक्सर मुख्यधारा से ओझल रह जाती हैं। यह पुस्तक केवल कार्यों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि समाज सेवा की अलख जगाने का एक माध्यम है। उन्होंने न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 5 जनवरी को आयोजित समारोह और अब यह पुस्तक, समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सेवा भावना को बढ़ावा देने वाले कदम है।

पुस्तक के लेखक परमानन्द गोयल के अनुसार, इस पुस्तक में हाड़ौती के चारों जिलों- कोटा, बूंदी, बारां एवं झालावाड़ की इस वर्ष सम्मानित विभूतियों के विशिष्ट कार्यों के साथ आयोजित भव्य कार्यक्रम की झलकियों को भी संजोया गया हैं। यह पुस्तक आने वाले समय में समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य करेगी। हाड़ौती गौरव सम्मान-2026 के कार्यक्रम संयोजक के.के. शर्मा कमल तथा संरक्षक देवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि गोयल की यह सातवीं पुस्तक हैं। इससे पूर्व की पुस्तकों में 'कोटा टूरिज्म तथा विचारों की उड़ान विशेष रूप से चर्चित रही है।


**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-3064 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-23.01.26

आवास संख्या 4-प-34 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री लक्ष्मण दास ठाकुर पुत्र श्री घनश्याम दास को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री प्रीतम लाल ठाकुर पुत्र श्री गोकुल दास के नाम दिनांक 15.07.1995 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री प्रीतम लाल ठाकुर पुत्र श्री गोकुल दास द्वारा दिनांक 14.09.1995 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री प्रीतम लाल ताकुर पुत्र श्री गोकुल दास की मृत्यु दिनांक 11.09.2011 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती रिया लालवानी पुत्री स्व. श्री प्रीतम लाल ठाकुर पत्नी श्री कैलाश लालवानी, श्रीमती वीना रोहिड़ा पुत्री स्व. श्री प्रीतम लाल ठाकुर पत्नी श्री दिलीप रोहिडा, श्रीमती रेखा पुत्री स्व. श्री प्रीतम लाल ठाकुर पत्नी श्री राम अडवाणी द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 12.04.2024 को श्रीमती तुलसी पत्नी स्व. श्री प्रीतम लाल, श्री राज कुमार ठाकुर, श्री मनोज ठाकुर व श्री प्रकाश ठाकुर पिसरान् स्व. श्री प्रीतम लाल ठाकुर के पक्ष में संयुक्त रूप से किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री राज कुमार ठाकुर पुत्र स्व. श्री प्रीतम लाल ठाकुर की मृत्यु दिनांक 02.08.2024 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में स्नेहा ठाकुर पुत्री स्व. श्री राज कुमार ठाकुर, पूर्वी ठाकुर पुत्री स्व. श्री राज कुमार ठाकुर एवं श्री वरुण ठाकुर पुत्र स्व. श्री राज कुमार ठाकुर द्वारा उक्त आवास में निहित अपने 1/4 अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 17.10.2025 को श्रीमती बबिता ठाकुर पत्नी स्व. श्री राज कुमार ठाकुर के पक्ष में किया गया। श्रीमती तुलसी पत्नी स्व. श्री प्रीतम लाल, श्री मनोज ठाकुर व श्री प्रकाश ठाकुर पिसरान स्व. श्री प्रीतम लाल ठाकुर एवं श्रीमती बबिता ठाकुर पत्नी स्व. श्री राज कुमार ठाकुर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-प-34 विज्ञान नगर, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर संयुक्त रूप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती तुलसी पत्नी स्व. श्री प्रीतम लाल, श्री मनोज ठाकुर व श्री प्रकाश ठाकुर पिसरान् स्व. श्री प्रीतम लाल ठाकुर एवं श्रीमती बबिता ठाकुर पत्नी स्व. श्री राज कुमार ठाकुर के नाम संयुक्त रूप से करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्रीमती तुलसी पत्नी स्व. श्री प्रीतम लाल, श्री मनोज ठाकुर व श्री प्रकाश ठाकुर पिसरान् स्व. श्री प्रीतम लाल ठाकुर एवं श्रीमती बबिता ठाकुर पत्नी स्व. श्री राज कुमार ठाकुर के नाम संयुक्त रूप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति /पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्रीमती तुलसी पत्नी स्व. श्री प्रीतम लाल, श्री मनोज ठाकुर व श्री प्रकाश ठाकुर पिसरान् स्व. श्री प्रीतम लाल ठाकुर एवं श्रीमती बबिता ठाकुर पत्नी स्व. श्री राज कुमार ठाकुर के नाम संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- 792 **नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक : 9.1.2026

प्राधिकरण कोटा की विनोबा भावे नगर योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 1142 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 28.12.2022 को श्री जानकी लाल शर्मा पुत्र श्री गोगा लाल को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री देवेन्द्र शर्मा पुत्र श्री मोहनलाल शर्मा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 09.10.2025 को श्री सुरेन्द्र नागर पुत्र श्री जीतमल को विक्रय कर दिया गया है क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1142 योजना विनोबा भावे नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री सुरेन्द्र नागर पुत्र श्री जीतमल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 11/विक्रय/2026/ दिनांक :

**नाम हस्तातंरण बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-61 आनन्दपुरा योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र कमांक 115 दिनांक 10.07.1987 द्वारा श्री सत्यनारायण नागर पुत्र श्री गोपीलाल नागर को आंवटित किया गया था। श्री सत्यनारायण नागर कि मृत्यु दिनांक 05.04.2012 को हो चुकी है। मृत्यु के पश्चात श्री सत्यनारायण नागर के विधिक वारिसान के द्वारा श्री यश नागर पुत्र श्री स्व. सत्यनारायण नागर के पक्ष में हक का त्याग किया गया है। हकत्याग ग्रहिता श्री यश नागर पुत्र श्री स्व. सत्यनारायण नागर के नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास / भूखण्ड संख्या-61 आनन्दपुरा योजना का नाम हस्तांतरण श्री यश नागर पुत्र श्री स्व. सत्यनारायण नागर के नाम से जारी कर दिया जावेगा। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/2000 **विज्ञप्ति** दिनांक : 23.1.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब में स्थित कृषि भूमि योजना रोशन विहार भूखण्ड संख्या 90 खसरा नं. 787, 788 आवेदक/आवेदिका श्री उमेश गंधी पुत्र श्री भंवर लाल गंधी निवासी बी-335, इन्द्रा विहार कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 12390 देनांक 27.07.2012 को सत्यनारायण गुप्ता पुत्र श्री हेमचन्द गुप्ता एवं नवनीत गुप्ता पुत्र श्री सत्यनारायण गुप्ता के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये मुख्तारआम राजेश विजय पत्नि श्री उमेश कुमार गंधी द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 04.04.2022 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री उमेश गंधी पुत्र श्री भंवर लाल गंधी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**